**जागरुकता** | राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस आज, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर

# झंडा सत्याग्रह ने तिरंगे के सम्मान की अलख जगाई

**नवभारत , जबलपुर ।** हर वर्ष 22 जुलाई को देशभर में राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय तिरंगे के गौरवशाली इतिहास के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया के अमूल्य योगदान को भी नमन करने का अवसर है, जिनके डिजाइन पर आधारित तिरंगा आज भारत की पहचान बना हुआ है। संस्कारधानी जबलपुर का नाम भी राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जुड़े इतिहास में प्रमुखता से दर्ज है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हुए झंडा सत्याग्रह ने देशभर में तिरंगे के सम्मान की अलख जगाई और नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। आज भी शहर के शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम और तिरंगे के सम्मान को लेकर अभियान आयोजित किए जाते हैं। यह दिन केवल अतीत को याद करने का नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति,




अनुशासन और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराने का भी अवसर है।

### तीन रंग, एक संदेश - साहस शांति और समृद्धि

तिरंगे का केसरिया रंग साहस, त्याग और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। सफेद रंग शांति, सत्य और पारदर्शिता का संदेश देता है, जबकि हरा रंग विकास, कृषि और प्रकृति के साथ संतुलन का प्रतीक माना जाता है। तिरंगे के मध्य स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र, जिसमें 24 तीलियां हैं, निरंतर प्रगति, न्याय, धर्म और कर्मशील जीवन का संदेश देता है। यही कारण है कि तिरंगे का प्रत्येक रंग और अशोक चक्र देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और अखंडता तथा गौरव को बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

### इनका कहना है




राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि हमारी एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। हमारा प्रयास रहता है कि विद्यार्थी तिरंगे के इतिहास, उसके महत्व और फ्लैग कोड की जानकारी प्राप्त करें तथा जीवनभर उसका सम्मान बनाए रखें।

**नीलेश के. पांडे , प्राचार्य**



तिरंगे का हर रंग हमें सकारात्मक सोच, साहस और देश के विकास में योगदान देने की प्रेरणा देता है। हर युवा को इसके महत्व को समझना चाहिए।

**रौनक पिल्लई , कॉलेज स्टूडेंट**



तिरंगे को देखकर गर्व की भावना अपने आप जाग जाती है। यह हमें याद दिलाता है कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों को भी समझना चाहिए। हम सभी को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए राष्ट्रहित में अपना योगदान देना चाहिए।

**अतिशय जैन , कॉलेज स्टूडेंट**

## मंजेश जैन बने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह -संयोजक



**नवभारत,जबलपुर ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी घोषित किये हैं, जिनमे जबलपुर से मंजेश जैन को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। मंजेश जैन की नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े जगत बहादुर सिंह अन्नू, जिपं अध्यक्ष आशा गोंटिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, निशक्त जन प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक संदीप रजक, व्यापारी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक शरद अगरवल, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी के साथ जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनायें प्रेषित की हैं।



# नगर निगम के 218 अधिकारी-कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

**नगर निगम में नजर आया उत्सव का माहौल**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी और कर्मचारी-हितैषी पहल पर नगर निगम में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कार्य संपन्न हुआ है। लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे नगर निगम के 218 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक साथ पदोन्नति का लाभ प्रदान किया गया है। इस निर्णय से न केवल कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे हैं, बल्कि पूरे नगर निगम परिसर में खुशी और उत्सव का माहौल निर्मित हो गया है।


कर्मचारियों के सम्मान और उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए सभी कर्मचारियों को एक साथ कार्यालय बुलाया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू तथा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वयं सभी 218 अधिकारियों और कर्मचारियों को बारी-बारी से बुलाकर शुभकामनाएं दीं और पदोन्नति पत्र सौंपे।

### ननि के इतिहास में पहली बार हुई इतने लोगों की पदोन्नति

उल्लेखनीय है कि जबलपुर नगर निगम के इतिहास में यह पहला अवसर है जब इतनी बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों को एक साथ पदोन्नति का लाभ दिया गया है। इस निर्णय से कर्मचारियों का मनोबल और उत्साह है, जिसका सीधा सकारात्मक असर शहर की प्रशासनिक व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर पड़ेगा।

### एक नजर में

#### गीता धाम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ आज



**नवभारत, जबलपुर।** श्री गीता धाम, गौरीघाट, जबलपुर में आज 22 जुलाई से गुरु पूर्णिमा महोत्सव-2026 एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हो रहा है। इस कथा का वाचन 28 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। इस पावन प्रसंग में श्रद्धालुओं को श्रीमद् जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के मुखारबिंद से दिव्य कथा श्रवण और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। श्री नरसिंह मंदिर-श्री गीता धाम परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी जनों से सपरिवार उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करने तथा गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सहभागी बनने का विनम्र आग्रह किया है।

#### बगलामुखी सिद्ध पीठ में श्रीमद भागवत कथा आज से



**नवभारत, जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में आज 22 जुलाई से 29 जुलाई तक चलने वाली श्रीमद भागवत कथा का प्रसंग आज से प्रारंभ हो रहा है। श्रीमद भागवत की भव्य शोभायात्रा सुबह 11 बजे बगलामुखी मंदिर से प्रारंभ होकर कामचंद चौक और सिविक सेंटर होते हुए वापस बगलामुखी मंदिर में संपन्न होगी। इसके उपरांत शाम 4 बजे से कथा प्रारंभ होगी जो कि शाम 7 बजे तक चलेगी। इस पावन कथा का संपूर्ण संगीतमय वर्णन ब्रह्मचारी चैतन्यानंद करेंगे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और भक्तों से इस धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

#### पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह आज आएंगे जबलपुर



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह का आज 22 जुलाई 2026 को जबलपुर आगमन होगा। वह भोपाल से सड़क मार्ग द्वारा सुबह 10:30 बजे जबलपुर पहुंचेंगे। आगमन के पश्चात वे स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट तथा संगठनात्मक चर्चा करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे वे पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम, राइट टाउन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) द्वारा आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा विद्यार्थियों एवं युवा साथियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात जयवर्धन सिंह शाम 4 बजे सड़क मार्ग से वापस भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जगदीश मंदिर में रथ यात्रा के बाद हरिनाम संकीर्तन जारी

**नवभारत, जबलपुर।** श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास द्वारा 259वीं रथ यात्रा के समापन के बाद भगवान जगन्नाथ की मौसी के निवास पर 10 दिवसीय विश्राम के दौरान प्रतिदिन हरिनाम संकीर्तन और महाआरती की जा रही है। गढ़ाफाटक स्थित मंदिर में चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल के सहयोग से सुबह 8:00 से 9:00 बजे तक आयोजित हो रहे इस धार्मिक कार्यक्रम से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। लोक न्यास के प्रबंध न्यासी अधिवक्ता लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि पुरी की तर्ज पर संस्कारधानी जबलपुर में भी वर्षों से इस दिव्य परंपरा का निर्वहन पूरी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है।



### बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ले रहे लाभ

इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंदिर के पुजारी देवेंद्र त्रिपाठी प्रतिदिन सुबह भगवान का विधि-विधान से पूजन, मंगल आरती और भोग अर्पण करते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित होकर पुण्य लाभ ले रहे हैं। इस अवसर पर न्यासी राजकुमार साहू, प्रबंधक मोहित तिवारी, संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे, संयोजक देवेंद्र नेमा, अतुल कुमार पटेल, मोहित कुमार लोधी, प्रेमपुरी गोस्वामी, पप्पन मिश्रा, सत्यप्रकाश नामदेव, विवेक अग्रवाल, दिलीप पुरी, सुरेंद्र पुरी, राकेश उपाध्याय, सुनील गुप्ता, डीके दुबे, अमित दुबे, रज्जु सोनी, राजेश असाटी, विशाल पंड्या और अमित विश्नोई सहित अनेक श्रद्धालु और क्षेत्रवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सैनिक दल ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** ऑल इंडिया समता सैनिक दल जिला इकाई जबलपुर के तत्वाधान में कलावीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय भंवरताल में मुख्य मार्गदर्शक स्मृतिशेष एल.आर.बाली के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वर्ष 2026 के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी में 60 से 75 प्रतिशत और अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान 65 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं ज्ञानवर्धक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जे. पी. नन्हेट ने गौतम बुद्ध एवं डॉ.बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर दीप



प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि टी.डी.हुमने विश्वदीप बुद्ध विहार, अशोक शेंडे, अशोक रामटेक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष बिन्दुसार कापसे ने स्मृतिशेष एल.आर.बाली के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस दौरान बुद्ध वंदना करने के बाद मुख्य अतिथि जे. पी. नन्हेट, विशिष्ट अतिथि टी. डी. हुमने और अशोक शेण्डे ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी.ई.सिविल करने वाली अपेक्षा उरकुड़े, बी.टेक. करने वाली निधी दुपारे और आयुर्रितिक थोरात को विशेष तौर पर प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। समारोह में 60 से 90 प्रतिशत अंक लाने वाले सभी 65 मेधावी विद्यार्थियों को मंच से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जे. पी. नन्हेट और टी.डी.हुमने ने शिक्षा व शासकीय सेवा में उत्कृष्ट सफलता पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष बिन्दुसार कापसे ने आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे भी उच्च व अच्छी शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया, जिससे यह गरिमामयी समारोह संपन्न हुआ।

# अपराध के खिलाफ महिलाओं में मनोबल जगाने के लिए लगाई सुरक्षा चौपाल

**नवभारत, जबलपुर।** अत्याचार और अपराध के खिलाफ महिलाओं में उच्च इच्छा शक्ति और मजबूत मनोबल जगाने के उद्देश्य से मंगलवार को चेरीताल वार्ड में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा चौपाल आयोजित की गई। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में नगर निगम और यूएन वूमेन द्वारा चलाए जा रहे 'सेफ सिटीज अभियान' के तहत इस बैठक का आयोजन कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा भवन में हुआ। चौपाल को संबोधित करते हुए स्थानीय पार्षद प्रतिभा भापकर और चौकी प्रभारी सरिता पटेल धाकड़ ने कहा कि जुर्म से लड़ने के



लिए किसी का इंतजार करने के बजाय स्वयं आगे बढ़कर विरोध करना जरूरी है। इस वॉर्ड स्तरीय बैठक में क्षेत्र की महिलाओं और नागरिकों ने जन-भागीदारी से सुरक्षा व्यवस्था में सुधार पर अपनी बात रखी।

चर्चा के दौरान महिलाओं ने स्कूल के पास शराब की दुकानों की मौजूदगी, कुछ इलाकों में कम रोशनी और असामाजिक तत्वों के जमावड़े जैसी स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और उनके सुधार हेतु सुझाव साझा किए। मौके पर मौजूद सब-इंस्पेक्टर सरिता पटेल धाकड़ ने महिलाओं को सुरक्षित रहने के टिप्स दिए और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1091 (महिला हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर अपराध) की जानकारी दी। स्थानीय स्तर पर त्वरित मदद के लिए 'महिला सुरक्षा मित्र दल' का गठन भी किया गया। यूएन वूमेन की ओर से रुद्राक्ष पाठक द्वारा संचालित इस बैठक में स्नेह साहू, अनीता गुप्ता, संगीता व्यौहार, कल्पना तिवारी, नरेंद्र साहू, राजेन्द्र व्यौहार, आशीष चौधरी, सुनील रजक और विध्येश भापकर सहित कई क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# आईआईटी कानपुर से मास्टर्स डिग्री मिलने पर कविश को निगमायुक्त ने दी बधाई

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जबलपुर स्मार्ट सिटी के सहायक यंत्री कविश मिश्रा को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने पर कार्यालय में बधाई दी। कविश मिश्रा को देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के दीक्षांत समारोह में मास्टर्स डिग्री से सम्मानित किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के बाद उन्होंने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार से सौजन्य भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के दौरान निगमायुक्त ने प्रसन्नता



व्यक्त करते हुए कहा कि तकनीकी रूप से कुशल और उच्च शिक्षा प्राप्त अधिकारियों की कार्यशैली का सीधा लाभ नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट्स को मिलता है। कविश मिश्रा नगर निगम के पूर्व मुख्य विधि अधिकारी अनिल मिश्रा के सुपुत्र हैं।

### वरिष्ठों और सहयोगियों के प्रति जताया आभार

इस दौरान सहायक यंत्री कविश मिश्रा ने कहा कि आईआईटी कानपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से मास्टर्स डिग्री प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगियों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद, स्नेह और निरंतर प्रोत्साहन को दिया है।

# महाकौशल कॉलेज में रोजगारोन्मुखी नए पाठ्यक्रम शुरू

**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल महाविद्यालय में सत्र 2026-27 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। महाविद्यालय में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), डिप्लोमा इन ज्योतिष एवं डिप्लोमा इन कर्मकांड पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिनमें प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विशेष बात यह है कि एमबीए प्रारंभ करने वाला यह मध्यप्रदेश का प्रथम शासकीय महाविद्यालय है, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### सीमित सीटों पर 26 जुलाई तक होंगे पंजीयन

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इन सभी कोर्स में सीटें सीमित हैं, इसलिए इच्छुक विद्यार्थियों को समय सीमा के भीतर पंजीयन कराते हुए प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होना होगा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में शासकीय महाकौशल महाविद्यालय निरंतर नवाचार, उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। एमबीए और बीसीए जैसे आधुनिक रोजगारपरक पाठ्यक्रम जहां युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेंगे, वहीं ज्योतिष और कर्मकांड जैसे पाठ्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक चेतना और सनातन ज्ञान-विज्ञान से उनका जुड़ाव सशक्त करेंगे।

# बीपीएमएस कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सिंह आज आएंगे जबलपुर



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और विभिन्न उच्च स्तरीय रक्षा समितियों में कर्मियों का प्रभावी प्रतिनिधित्व करने वाले मुकेश सिंह का आज 22 जुलाई 2026 को संस्कारधानी जबलपुर आगमन हो रहा है। उनके आगमन से जीसीएफ सहित रक्षा उत्पादन इकाइयों के कर्मचारियों व संगठन पदाधिकारियों में उत्साह है। इस मौके पर श्रमिक संघ मिले हाथ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल एवं महामंत्री राकेश रजक ने बताया कि मुकेश सिंह के सम्मान में सुबह 8 बजे, विद्यानगर गेट, जीसीएफ में विशाल आमसभा व स्वागत कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें वे रक्षा उद्योग के वर्तमान विषयों, कर्मचारी हितों, वेतन, सेवा मुद्दों, भावी रणनीति और राष्ट्र-उद्योग हित के प्रति प्रतिबद्धता पर विचार रखेंगे।

### विद्यानगर गेट पर होगी आमसभा

इस दौरान सीइसी सदस्य अजय कुंवर व आईआर मनोज धर्मंजन ने कहा कि प्रवास के दौरान मुकेश सिंह विभिन्न रक्षा प्रतिष्ठानों के कर्मियों, यूनियन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। वे समस्याओं, सुझावों तथा लंबित मांगों पर चर्चा कर प्रभावी समाधान के लिए आगे की रणनीति बनाएंगे और संगठन को सशक्त, सक्रिय व कर्मचारी-केंद्रित करने का मार्गदर्शन देंगे। उनके आगमन को लेकर जीसीएफ श्रमिक संघ (मिले हाथ) व तोप गाड़ी निर्माणी श्रमिक सेवा संघ (चक्र) के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। संगठन का विश्वास है कि उनका मार्गदर्शन कर्मियों में नई ऊर्जा व संकल्प मजबूत करेगा। संगठन ने सभी कर्मचारियों से आज सुबह 8:00 बजे, विद्यानगर गेट, जीसीएफ में इस आमसभा व स्वागत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर एकजुटता व शक्ति का परिचय देने का आग्रह किया है।

**स्वागत** | सिंगल विंडो व्यवस्था प्रभावी बनाने पर सरकार का आभार

# उद्योगों को अब एक ही जगह मिलेंगी सभी अनुमतियां

**फेडरेशन ने सरकार के कदम का किया स्वागत**

**नवभारत, जबलपुर।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ने प्रदेश में उद्योगों के लिए सिंगल विंडो प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत किया है। इसके तहत सभी विभागों की स्वरोजगारोन्मुखी योजनाओं को एमपीआईडीसी की सिंगल विंडो से संचालित किया जाएगा। फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है।

FEDERATION of MP CHAMBERS OF COMMERCE AND INDUSTRY

फेडरेशन लंबे समय से वास्तविक सिंगल विंडो लाइसेंसिंग व्यवस्था विकसित करने की मांग उठा रहा था, जहां उद्यमियों को विभिन्न विभागीय अनुमतियां एक ही स्थान पर प्राप्त हो सकें।

फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ-साथ ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस को भी मजबूती प्रदान करेगी। इससे नए निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा, लंबित औद्योगिक प्रस्तावों को गति मिलेगी तथा प्रदेश में रोजगार के नए अवसरों के सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं एक ही स्थान पर एमपीआईडीसी में उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे युवाओं, नव उद्यमियों, स्टार्टअप संचालकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को एकीकृत रूप से मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग प्राप्त होगा।

### औद्योगिक विकास में रचनात्मक सहयोग का आश्वासन

फेडरेशन ने राज्य सरकार को आश्वस्त किया है कि प्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, एमएसएमई इकाइयों की समस्याओं के समाधान तथा शासन की उद्योग हितैषी योजनाओं को उद्यमियों तक पहुंचाने में संस्था निरंतर रचनात्मक सहयोग प्रदान करती रहेगी। यह निर्णय प्रदेश में उद्योगों और स्वरोजगार के लिए सरल, पारदर्शी, समन्वित एवं उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित करने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

# नगर निगम जनसुनवाई : सामने आईं शिकायतों का त्वरित निराकरण

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम मुख्यालय और सभी संभागीय कार्यालयों में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया गया। इस मौके पर जनसुनवाई में पहुंचे निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए नागरिकों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को मौके पर बुलाकर उनका तुरंत निराकरण कराया। इस दौरान मुख्यालय में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें संबंधित विभागों के प्रमुखों को सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसमें अतिक्रमण विभाग के 10, भवन शाखा के 13, स्वास्थ्य विभाग के 6, जल का 1, संपदा शाखा के 2, बाजार का 1, राजस्व के 2, पीडब्ल्यूडी के 2, स्थापना का 1, पेंशन के 4, पीएमएवाय के 3, संभाग



क्रमांक 06 का 1 और संभाग क्रमांक 15 के 2 आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई कर आवेदकों को राहत पहुंचाई गई।

### संभाग स्तर पर 35 शिकायतों का समाधान

इस दौरान संभाग स्तर पर नागरिकों द्वारा कुल 35 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनका संभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, विद्यानंद बाजपेई, जनसुनवाई प्रभारी सहायक आयुक्त वेद प्रकाश चौधरी, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, विष्णु, देवेंद्र पटेल, असद, सतीश मिश्रा सहित समस्त विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।